Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:19 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 124 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 4 नवम्बर 2025

बाहुबली द एपिक' से लेकर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर स्वास्थ्य महकमा चौकन्ना

**नैनीताल** । नैनीताल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के चलते स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग ने कार्यक्रम के लिए चार टीमें तैनात की हैं साथ ही राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में सेफ हाउस भी तैयार किया गया है। नैनीताल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के चलते स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि विभाग की ओर से राष्ट्रपति के दौरे के लिए डाक्टरों की तीन टीमे तैनात की गई हैं वहीं बीडी पांडे अस्पताल में भी अस्पताल का सेफ हाउस बनाकर एक टीम तैनात की गई है।

## नैनीताल- काठगोदाम रोड पर पैच कार्य की गुणवत्ता पर लोगों ने उठाये सवाल

**नैनीताल** । नैनीताल- काठगोदाम रोड पर हो रहे पैच कार्य पर फि र एक बार सवाल उठ रहे हैं। नैनीताल के हनुमान गढ़ से रूसी तक किया पैच कार्य एक दिन में ही उखडने लगा है जिससे सड़क में फैले कंकर जानलेवा बन चुके हैं। बता दें राष्ट्रपति के कार्यक्रम के चलते विभागों ने जन्दबाजी में सडकों के गड्ढे भर तो दिए लेकिन कार्य की गुणवत्ता निमन स्तर की होने से पैच उखडने लगे हैं। इधर एनएच की ओर से बीते शुक्रवार की शाम को काठगोदाम नैनीताल रोड पर ज्योलीकोट से बल्दियाखान तक पैच कार्य कराया गया लेकिन शनिवार को पैच उखड़ गया। वहीं रविवार को हनुमानगढ़ से रूसी क्षेत्र तक पैच कार्य कराया लेकिन वह भी सोमवार को उखडने लगा है। जिससे सड़क पर बिखरे हुए रेता के कंकर अब बाइक सवारों के लिए मुसीबत बन गए हैं। एक ही दिन में उखड़े पैच कार्य को देख लोगों ने काम की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राजभवन नैनीताल की 125वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में पहुंचीं

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजभवन नैनीताल की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन नैनीताल के वर्चुअल टूर का लोकार्पण किया। इस वर्चुअल टूर के माध्यम से लोगों को ऐतिहासिक राजभवन के डिजिटल भ्रमण का अनुभव मिलेगा। यह वर्चुअल टूर दर्शकों को राजभवन के स्थापत्य कला, प्राकृतिक सौंदर्य तथा ऐतिहासिक महत्व से रूबरू कराएगा। वर्चुअल टूर को राजभवन की वेबसाइट governoruk.gov.in पर जाकर देखा जा सकेगा। इस अवसर पर राजभवन नैनीताल पर आधारित एक



लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। यह फिल्म राजभवन नैनीताल की गौरवशाली विरासत, स्थापत्य सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करती है। फिल्म के माध्यम से दर्शक राजभवन के इतिहास, उसकी स्थापत्य विशेषताओं और राज्य की समृद्ध विरासत से अवगत हो सकेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे स्वतंत्र भारत में राष्ट्रपति भवन गणराज्य का प्रतीक है, उसी प्रकार राज्यों में राजभवन लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के गठन के उपरांत यह ऐतिहासिक भवन राज्य की प्रगति का अभिन्न हिस्सा बन गया है। कहा कि संसदीय प्रणाली में राज्यपाल राज्य की शासन व्यवस्था के संवैधानिक प्रमुख होते हैं। संविधान निर्माताओं ने राज्यपाल के अधिकारों और कर्तव्यों को गहन विचार-विमर्श के उपरांत निर्धारित किया था। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता राजभवन को एक सम्मानित स्थान के रूप में देखती है, इसलिए राज्यपाल के कार्यालय से जुड़े सभी सदस्यों को सरलता, विनम्रता, नैतिकता और संवेदनशीलता जैसे गुणों का पालन करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखण्ड राज्य अपने गठन से लेकर अब तक निरंतर प्रगति और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल और उनकी टीम राज्य के नागरिकों को अमूल्य प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे तथा उत्तराखण्ड निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के राजभवन नैनीताल के प्रथम आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत किया।

... संबंधित खबर पेज 2 पर

### बाबा नीब करौरी का लिया आशीर्वाद

# राष्ट्रपति मुर्मू ने कैंची धाम बाबा का लिया आशीर्वाद

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने आधे घंटे से अधिक समय मंदिर में बिताते हुए बाबा का ध्यान लगाया। कैंची मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह भय्यू ने राष्ट्रपति को बाबा से जुड़ी जानकारी दी। राष्ट्रपति ने मंदिर में बाबा की पूजा अर्चना के साथ अन्य मंदिरों में भी पूजा की। इस दौरान राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मां नयना देवी मंदिर में की पूजा:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को अपने



नैनीताल प्रवास के दौरान मां नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राष्ट्र की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर राष्टपति मुर्मू का मंदिर समिति के सदस्यों ने पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।




# कुमाऊं विविनैनीताल का 20वां दीक्षांत समारोह आज

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल का 20वाँ दीक्षांत समारोह मंगलवार (आज) को विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के ए. एन. सिंह प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा जिसकी सभी तैयारियां विवि प्रशासन ने पूरी कर ली हैं।

इस विशेष मौके पर सभी आमंत्रित अतिथियों समेत पदक प्राप्तकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों से कुविवि के जनसंपर्क अधिकारी डा.रितेश साह ने विशेष गुजारिश की है कि वह हर हाल में मंगलवार (आज) सुबह 9 बजे तक अपने निर्धारित स्थानों पर विराजमान हो जाएं। कहा कि दीक्षांत समारोह में प्रवेश केवल एटीएम गेट तथा तल्लीताल गेट से ही दिया जाएगा। कहा कि ए एन सिंह गेट से प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। दीक्षांत समारोह के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी आमंत्रित महानुभावों से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे अपने साथ कोई वैध पहचान पत्र (आईडी प्रूफ) अवश्य रखें तथा निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पालन करें इसके अलावा बिना विशेष निर्गत प्रवेश पत्र अथवा आमंत्रण पत्र व वैध पहचान पत्र के प्रवेश की अनुमति प्रशासन द्वारा नहीं दी जाएगी। अतः सभी प्रतिभागी एवं आमंत्रित अतिथि कृपया अपना वैध पहचान पत्र साथ अवश्य रखें।

# टुबड़ी पूजा के लिए बनेंगे स्थाई घाट: विकास शर्मा

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



पंजाबी समाज द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक टुबड़ी पूजा एवं गंगा स्नान महापर्व को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर विकास शर्मा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे के साथ कल्याणी नदी स्थित घाट और फुलसुंगी क्षेत्र के घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम की टीम को पूजा से पूर्व घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि टुबड़ी पूजा पंजाबी समुदाय की आस्था और पारिवारिक एकता से जुड़ा हुआ पर्व है। नगर निगम सभी समुदायों के धार्मिक आयोजनों का सम्मान करता है और किसी भी पर्व की तैयारियों में कमी नहीं आने देगा। उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष टुबड़ी पूजा के लिए स्थायी घाटों का निर्माण कराया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इससे पहले खत्री अरोड़ा फाउंडेशन और पंजाबी खत्री समाज के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर विकास शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। प्रतिनिधियों ने बताया कि टुबड़ी ब्रत पंजाबी समाज की महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखती हैं। संध्या के समय महिलाएं नदी या नहर के घाटों पर जाकर पूजन करती हैं।

इस वर्ष 5 अक्टूबर को टुबड़ी ब्रत और गंगा स्नान पर्व एक साथ मनाए जाने हैं। कल्याणी नदी एवं वार्ड नंबर एक फुलसुंगी स्थित नदी-नहर के घाटों की सफाई कर पूजा के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। नगर आयुक्त और निगम अधिकारियों के साथ दोनों स्थानों का निरीक्षण किया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा घाटों पर फिलहाल टुबड़ी पूजा के लिए भी सभी व्यवस्थाएं की जाएं जिसमें सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पूजा सामग्री के लिए समुचित स्थान की व्यवस्था शामिल है।निरीक्षण के दौरान पार्षद चिराग कालरा, पार्षद पवन राणा, जगदीश सुखीजा, पारस चुघ, सचिन गुम्बर सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## रम्पुरा में युवक की बेहरमी से मारपीट,वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र में युवक से मारपीट की बेहरमी से मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीड़ित ने मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को तहरीर सौंपी है। जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों रम्पुरा में एक युवक के साथ कुछ युवक बेहरमी से मारपीट कर रहे। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस मामले में पीड़ित ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। रम्पुरा वार्ड 24 निवासी विशाल पुत्र परमेश्वरी ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उसने रम्पुरा वार्ड 22 निवासी युवक से पांच हजार रुपये उधार लिए थे। जिसके बाद वह 13 हजार रुपये लौटा चुका है। आरोप है कि इसके बावजूद इसके वह और रुपये मांग रहे थे। इंकार करने पर 29 अक्टूबर की रात वह घर को आ रहा था। इसी बीच आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। उससे गालीगलौज की। विरोध करने पर उन्होंने लाठी डंडों और धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
प्रो. (कर्नल) दीवान एस. रावत, एफ.एन.ए.
कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं
कार्य परिषद् व विद्या परिषद् के सदस्यगण, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के
बीसवें दीक्षान्त समारोह
के अवसर पर विक्रम संवत् 2082, कार्तिक मासे, मंगलवार 19 गते दिनांक 4 नवंबर 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल के ए.एन. सिंह सभागार में
आपको सादर आमंत्रित करते हैं।
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति
समारोह की मुख्य अतिथि होंगी एवं दीक्षांत भाषण देंगी।
ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड
व कुलाधिपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय
समारोह की अध्यक्षता करेंगे।
डॉ. धन सिंह रावत
माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार
समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे।
उत्तरापेक्षी- डॉ. मंगल सिंह मन्द्रवाल,
कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल
(कृपया प्रातः 10:00 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करने की कृपा करें।)
मो. 9412965477, फोन: 05942-235563, ई-मेल: registrar@kunainital.ac.in

# राज्यपाल ने किया राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के राजभवन नैनीताल के प्रथम आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि यह उत्तराखण्ड के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने राष्ट्रपति का राज्य के प्रति स्नेह, मार्गदर्शन एवं निरंतर सान्निध्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल ने कहा कि जब राजभवन नैनीताल अपने 125वें वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर है, यह अवसर हमारे अतीत की गौरवगाथा, वर्तमान की सृजनशीलता और भविष्य की प्रेरणा, तीनों का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि राजभवन नैनीताल का 3-डी वर्चुअल टूर की यह पहल डिजिटल इंडिया के उस विजन का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति और विरासत के संरक्षण का सशक्त साधन बन रही है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन नैनीताल पर आधारित लघु फिल्म हमारी विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। फिल्म यह संदेश देती है कि परंपरा, स्थापत्य और प्रकृति का संतुलन ही हमारे जीवन मूल्यों की वास्तविक प्रेरणा है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिन्होंने अतिथियों को राज्य की सांस्कृतिक विविधता, लोक-परंपराओं और लोक नृत्य की सुंदर झलक से परिचित कराया। सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर, विधि परामर्शी राज्यपाल कौशल किशोर शुक्ल, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल,एस एस पी डॉ मंजूनाथ टीसी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# नैनीताल पालिका सभागार में पेंशनरों हेतु लगा जागरूकता शिविर



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगरपालिका परिषद नैनीताल के सभागार में सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पेंशनरों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तथा आयकर नियमों का सरलीकरण व एसबीआई नैनीताल के सहयोग से साइबर सुरक्षा तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान सीटीओ नैनीताल कमलेश भंडारी समेत टीओ नैनीताल अपूर्व देवल के साथ ही एटीओ नैनीताल रितेश मेहरा समेत एटीओ रणजीत सिंह नेगी तथा एटीओ नंदन सिंह भाकुनी के साथ ही अकाउंटेंट पूजा कन्याल व मयूर कुमार व पूजा पडलिया तथा हिमांशु अधिकारी तथा रितिका आदि मौजूद रहे।

# अपर निदेशक ने किया रुद्रपुर जिले के स्कूलों व कार्यालयों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**रुद्रपुर/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मण्डल नैनीताल एस. पी. सेमवाल ने सोमवार को रुद्रपुर मुखयालय के विद्यालयों एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर पठन पाठन का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यो को कई जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

अपर निदेशक सेमवाल ने झा राजकीय इंटर कालेज में प्रत्येक कक्षा कक्षाओं में जाकर बच्चों से किताबी ज्ञान से संबंधित कई प्रश्नों के जवाब सवाल पूछे इस दौरान उन्होंने स्कूल के पुस्तकालय समेत प्रयोगशाला एवं गणित विषय हेतु बनायी गयी प्रयोगशाला का बारिकी से अवलोकन कर मामले में बच्चों से भी तमाम अहम जानकारी हासिल की। अपर निदेशक सेमवाल ने जीजीआईसी फ जलपुर में जाकर प्रधानाचार्या से जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा स्कूल में शीघ्र शिक्षकों की नियुकति की जायेगी। इसके बाद सेमवाल ने डायट, खंड शिक्षा अधिकारी तथा मुखय शिक्षा अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुखय शिक्षा अधिकारी के. एस. रावत समेत मुखय वैयकतिक अधिकारी जगमोहन रौतेला आदि मौजूद थे।



## NEWS / फटाफट

### राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी ने किया धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण



**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 476 वें दिन भी जारी रहा। बता दें गुरुरानी ने पौधारोपण अभियान के 476वें दिन पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया वहीं उनका पौधारोपण अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रतिदिन पौधारोपण किया जा रहा है जिससे प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन हो सके।

### नैनीताल के यौन शोषण के आरोपी उस्मान खान की जमानत याचिका पर हुई हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल।** नैनीताल के यौन शोषण के आरोपी उस्मान खान की जमानत पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सोमवार को जाँच अधिकारी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बता दें सोमवार को न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की पीठ में इस मामले पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से सोमवार को कुछ और दस्तावेज पेश करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। आवेदक की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि सरकार इस मामले को लटका रही है। कहा कि सरकार ने 19 जुलाई को आपत्ति के साथ ही अलावा 16 सितंबर को एफ एसएल रिपोर्ट के साथ जवाबी हलफ़ नामा दायर किया है। हम लगातार जमानत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और राज्य सरकार दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय ले रही है लिया है। अंत में कोर्ट ने सरकार को अंतिम अवसर देते हुए 13 नवंबर यानी वीरवार की तिथि तय कर दी और जाँच अधिकारी पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 13 नवंबर को होगी।

### प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिताः गैलेक्सी कलब पहुंचा सेमीफाइनल में

**नैनीताल।** नगर पालिका मनोरंजन कलब की ओर से आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को दूसरा क्वाटर फ इनल मुकाबला खेला गया। बता दें अयारपाटा फुटबाल कलब व गैलेकसी फुटबाल कलब के मध्य खेले गए मुकाबले में गैलेकसी कलब ने 6-1 अंकों से मुकाबला जीतकर सेमीफ इनल में जगह बनाई। कार्यक्रम में बतौर मुखय अतिथि ताल चैनल की निदेशक ईशा साह ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। बृजेश बिष्ट तथा देवेंद्र बोरा रेफ री रहे। इस मौके पर सभासद गजाला कमाल समेत मोहन चिलवाल तथा मोहित साह व बिलाल अली आदि मौजूद रहे।

### कुमाऊं विवि का दीक्षांत समारोह को किया पूर्वाभयास



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के मंगलवार (आज) होने जा रहे 20वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को डीएसबी परिसर के ए.एन.सिंह प्रेक्षागृह में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। इस दौरान सभी प्राध्यापकों समेत पदकधारकों और उपाधिधारकों ने पूर्ण वेशभूषा में पूर्वाभयास किया, जिसके बाद सुरक्षा दृष्टि से परिसर को छावनी में तबदील कर दिया गया है। बता दें आज यानि मंगलवार को होने जा रहे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए परिसर को सुरक्षा दृष्टि से छावनी में तबदील कर दिया गया है। सोमवार सुबह से ही परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। समारोह स्थल पर मंच की साज सज्जा के साथ प्राध्यापकों की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रपति के समक्ष दीप प्रज्वलन और पदक वितरण की प्रस्तुति का भी अभ्यास किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

# राष्ट्रपति दौरे को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिनी दौरे के मद्देनजर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नैनीताल पहुंच गई हैं। उनके दौरे को लेकर नैनीताल शहर से लेकर राजभवन में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा।

बता दें कि शाम को करीब लगभग 6 बजे राष्ट्रपति का काफि ला तल्लीताल पहुंचा। राष्ट्रपति को देखने के लिए तल्लीताल में लोगों का जमावड़ा लगा रहा। काफि ले के दौरान तल्लीताल से लेकर राजभवन तक सडक को जीरो जोन रखा गया। काबिलेगौर है कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सोमवार सुबह से ही मालरोड समेत वीवीआईपी रुट किनारे खड़े वाहनों को हटाने के साथ ही पालिका की टीमें साफ सफ ाई में जुटी हुई थी। सुरक्षा के लिहाज से नगर भर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। राष्ट्रपति के हल्द्वानी से आगमन से पहले ही अपराह्न दो बजे के बाद पुलिस ने नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग को जीरो जोन कर वाहनों की आवाजाही रोक दी थी। हल्द्वानी से काफि ला ज्योलीकोट पहुंचने पर पुलिस ने शहर के अंदर भी जीरो जोन कर दिया। काफि ला हनुमानगढ़ी पहुंचने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर पैदल चलते लोगों को कुछ देर के लिए रोक दिया। शाम 6 बजकर 5 मिनट पर राष्ट्रपति का 400 से अधिक वाहनों का काफिला तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर पहुंचा। जहां से मालरोड होते हुए राष्ट्रपति राजभवन पहुंची। इस दौरान तल्लीताल से मल्लीताल तक राष्ट्रपति को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। राष्ट्रपति के राजभवन में पहुंचने के बाद शहर की यातायात व्यवस्था सामान्य हो गई। इस दौरान डीएम ललित मोहन रयाल और एसएसपी मंजूनाथ टीसी समेत कई पुलिस अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मौके पर मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से सरकार व केंद्र के द्वारा पेश किए गए शपथ पत्र में अपना जवाब पेश करने को कहा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों समेत व्यवसायिक व मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग को रोकने के दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 17 नबंवर यानी सोमवार की तिथि नियत की है, तब तक मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने याचिकाकर्ता से सरकार व केंद्र के द्वारा पेश किए गए शपथपत्र में अपना जवाब पेश करने को कहा है।

बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि जब सारे कानून बने हुए हैं लेकिन उनका अनुपालन नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2025 में ही भीमताल के एक प्रतिष्ठित कालेज में रैगिंग का मामला सामने आया। एक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर देश में 2025 में 51 रैगिंग के सामने आए जिसमे से 20 छात्रों ने सुसाइड किया। सरकार का कानून इनको रोकने में असफ ल हो रहा है। जिसपर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो रिपोर्ट पेश की गई है उसपर अपना प्रति उत्तर न्यायलय में पेश करें।

मामले के अनुसार कोर्ट ने मेडिकल कालेज हल्द्वानी के 27 छात्रों के साथ रैगिंग किए जाने के खिलाफ दायर सचिदानन्द डबराल की जनहित याचिका पर सुनवाई की। जिसमें कहा है कि हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कालेज में 27 छात्रों का सिर मुड़वाकर कर उनके साथ रैगिंग की गई। उनके पीछे बाकायदा एक सुरक्षा गार्ड भी चल रहा है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना था कि उनके पास रैगिंग की कोई शिकायत नहीं आयी। सुनवाई के दौरान याचिकर्ता के वकील द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि वायरल वीडियो में 27 छात्र एक लाइन में खड़े शर मुड़वाये हुए है और सभी के हाथ पीछे की ओर है एक गार्ड उनके पीछे तालिबानी स्टायल में खड़ा हुआ है। कहीं छात्र भाग न जाएं। रैगिंग करना सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के विरुद्ध है।

समाचार पत्रों में छपी खबर व वायरल वीडियो में पता लगा कि ये सभी छात्र एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र हैं। प्रथम वर्ष के सभी स्टूडेंट्स को बाल कटवाने के निर्देश इनके सीनियर छात्रों ने दिए हैं। इस मामले को रैगिंग से जोड़कर देखा जा रहा है जहां तक छात्रों के बाल काटने का मामला है कालेज की तरफ से कहा जा रहा है कि छात्रों के सिर में डेंड्रफ व जू पड़ गए थे इसलिए इनके बाल मुड़वा दिये। याचिककर्ता के वकील द्वारा वायरल वीडियो को कोर्ट में दिखाया गया था।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## प्रकृति के उपहार

*उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्बोधित करते हुए मात्र औपचारिकता नहीं निभाई, बल्कि जनप्रतिनिधियों को कर्तव्यबोध कराने के साथ देवभूमि के लोगों को प्रेरणा दी। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड में प्राकृतिक संपदा और सौंदर्य की धरोहर का उल्लेख करते हुए विकास की दिशा दिखाई। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति के उपहारों का संरक्षण करते हुए राज्य को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ायें। विधायक जन आकांक्षाओं की सक्रिय अभिव्यक्ति का कर्तव्य निभायें।*

राष्ट्रपति का संसद सत्र के आरम्भ में सम्बोधन और विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की नीतियों के संदर्भ में होता है, इसलिए औपचारिक और परम्परागत माना जाता है। उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्बोधित करते हुए मात्र औपचारिकता नहीं निभाई, बल्कि जनप्रतिनिधियों को कर्तव्यबोध कराने के साथ देवभूमि के लोगों को प्रेरणा दी। हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड में प्राकृतिक संपदा और सौंदर्य की धरोहर का उल्लेख करते हुए विकास की दिशा दिखाई। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति के उपहारों का संरक्षण करते हुए राज्य को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ायें। विधायक जन आकांक्षाओं की सक्रिय अभिव्यक्ति का कर्तव्य निभायें। दरअसल पिछले 25 साल में पिछड़े पर्वतीय राज्य का विकास जरूर हुआ है, लेकिन प्रकृति को हानि भी पहुंची है। राष्ट्रपति ने प्रत्यक्ष रूप से हानि का उल्लेख नहीं किया, परन्तु प्रेरणा के तौर परोक्ष रूप से उल्लेख किया है। प्रकृति के उपहारों का संरक्षण करने का भावार्थ है कि विकास के नाम पर सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्य के लिए पेड़ों का अंधाधुंध कटान नहीं किया जाये। जलस्रोतों को अक्षुण्ण रखा जाये। खनन के कार्य नियमानुसार होने चाहिएं। मानसून के दौरान उत्तराखंड में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं से राष्ट्रपति अनभिज्ञ नहीं हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से जलवायु में परिवर्तन का प्रभाव दिखाई दे रहा है। पर्यावरण बिगड़ने से पूरे देश में जनजीवन पर असर पड़ा है। पर्यावरण संरक्षण वन से संभव है। उत्तराखंड का पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के युवाओं और मातृशक्ति की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में देवभूमि के योगदान का स्मरण कराया। हिमालय के इस अंचल से अनेक पवित्र नदियां निकलती हैं, साथ ही 'ज्ञान गंगा' की भी अनेक धाराएं प्रवाहित होती हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्वगुरु पुनः कहलाएगा। देवभूमि की नारी का सम्मान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति की महान परम्परा का विस्तार गार्गी, मैत्रेयी, अपाला, लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाओं ने किया और समाज को बौद्धिक तथा आध्यात्मिक नेतृत्व प्रदान किया। यह सच है कि उत्तराखंड राज्य के गठन का श्रेय मातृशक्ति को है और विकास के लिए युवाओं को भूमिका निभानी होगी।

# मंत्री के निर्देशों के बावजूद सडक़ स्वीकृत नहीं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिन आंदोलनकारियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर एक अलग राज्य उत्तराखंड बनाया लेकिन आज भी उनके सपने साकार नहीं हुए हालत यह है कि आज भी कई गाँव विकास की मुखय धारा से कोसों दूर हैं। बात हो रही है नैनीताल जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गलनी भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है।

बता दें कि वर्ष 2023 में सडक़ सुविधा के नाम पर राज्य योजना के अंतर्गत राज्य मार्ग संखया 64 मोटर मार्ग के किमी0 81 से ग्राम पंचायत गलनी जामनी की ओर ढाई किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड भवाली द्वारा आगणन तैयार किया गया और मुखय अभियंता हल्द्वानी नैनीताल द्वारा प्रस्तुत आगणन प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण को स्वीकृति के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन देहरादून को भेजा गया। सडक़ सुविधा पाने को तरसे ग्रामीणों ने मामले में विधायक समेत सांसद तथा सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज तक सडक़ स्वीकृति कराने की गुहार लगाई तो मंत्री सतपाल महाराज ने लोक निर्माण विभाग के सचिव को सडक़ स्वीकृति के मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए और दो साल पूर्व ग्रामीणों ने उत्तराखंड सीएम हेल्पलाइन 1905 के माध्यम से भी सडक़ स्वीकृत की गुहार लगायी तो मामला एक नहीं पूरे 8 बार लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय के पास पहुंचा और मामले को एल-तीन स्तर से बंद कर दिया।

प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण को लो0नि0वि0 अस्थाई खण्ड भवाली द्वारा ई-डीपीआर संखया 2748 प्रथम चरण की स्वीकृति के लिए शासन को भी भेजा गया बावजूद आज तक सडक़ स्वीकृत नहीं हो पाई। एक बार फिर मामले में ग्रामीणों ने शासन स्तर से सडक़ स्वीकृत करने की मांग मुखयमंत्री से की है। ज्ञापन जिला विकास अधिकारी नैनीताल के माध्यम से मुखयमंत्री के अपर निजी सचिव उत्तराखंड शासन देहरादून को भेज दिया। मामले में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और गलनी -जामनी निवासी काश्तकार भूपाल बर्गली ने बताया कि सडक़ सुविधा नहीं होने के कारण किसानों को अपनी उपज को बाजारों तक पहुँचाने में देरी होती है जिससे फ सल खराब होने के साथ साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है वही राज्य मार्ग संखया 64 खनस्यूं पतलोट मोटर मार्ग गलनी जामनी से भूमिया मंदिर गलनी तक सडक़ मिलान नहीं होने से गलनी-चमोली- टीमर-बड़ौन सहित दर्जनों गांवों के लोगों को सीरायल- तल्ली गरगड़ी- मल्ली गरगडी- कालाआगर तथा कैड़ागांव आदि गांवों से घूम कर तकरीबन 30 से 40 किलोमीटर अतिरिकत सफर मजबूरन तय करना पड़ रहा है।

## निशुल्क नेत्र शिविर में 96 मरीजों की आंखों की जांच की

**हल्द्वानी।** राजेन्द्र नगर वार्ड 12 में पार्षद प्रीति आर्या और युवा नेता हेमंत साहू के प्रयासों निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 96 मरीजों की आंखों की जांच की गई और उनका उचित इलाज किया व नि:शुल्क दवा दी गई । शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 12 लोगों का चयन किया गया, जिनका ऑपरेशन रुद्रपुर स्थित प्रभु नेत्रालय में आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद प्रीति आर्या ने कहा कि इस तरह के शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं और स्वस्थ दृष्टि बनाए रखें। शिविर में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान युवा नेता हेमन्त साहू जीत सिंह सचिन राठौर काजल आर्या, ममता कश्यप समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# पहल: अंदरूनी मध्यस्थता और सुलह अधिनियम -1916 पर कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अधिवकता परिषद हाईकोर्ट इकाई तथा स्वाध्याय मंडल द्वारा एक अंदरूनी मध्यस्थता और सुलह अधिनियम -1916 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मुखय वकता अधिवकता सिद्धार्थ साह थे, जिन्होंने मध्यस्थता और सुलह अधिनियम के बारे में विस्तार से सभी लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम का युवा अधिवकताओं ने विशेष रूप से लाभ लिया।

कार्यक्रम के दौरान युवा अधिवकताओं ने मुखय वकता से बहुत कई प्रश्न भी किए जिन प्रश्नों का मुखय वकता ने बहुत सटीक जवाब दिया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में स्वाध्याय मंडल के महावीर कोहली समेत कौशल साह जगाती, ओमकार, अविदित नोलियाल और अजीत यादव शामिल थे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या समेत हाईकोर्ट इकाई के अध्यक्ष लोकेंद्र डोबाल, युवा अधिवकता मानसी चौहान, हर्षित शाह, राज्यवर्धन चौधरी, हर्षवर्धन भट्ट, सौमया, सिद्धांत सेन, अनुप्रिया कुशवाहा, विशाल विक्रम सिंह, दीपक भारद्वाज, एन सिंह पुंडीर, भाष्कर चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## बाहुबली द एपिक' से लेकर 'थामा' तक, एक साथ फिसली बड़ी फिल्में



*सोमवार आते ही सिनेमाघरों में दिखाई जा रही सभी फिल्मों की हालत बॉक्स ऑफिस पर पस्त होती नजर आई। 'बाहुबली द एपिक', 'द ताज स्टोरी' से लेकर 'थामा' और 'कांतारा 2' तक, सभी फिल्मों की कमाई में गिरावट देखने को मिली। इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड और साउथ की फिल्में दिखाई जा रही है। इस लिस्ट में कई बड़े स्टार की फिल्में शामिल हैं, जैसे 'बाहुबली द एपिक', 'थामा', 'कांतारा 2' आदि। सोमवार का दिन इन फिल्मों के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ और बॉक्स ऑफिस पर ये फीकी साबित हुई। जानिए सोमवार को क्या रही फिल्मों की कमाई। साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म बाहुबली द एपिक को सिनेमाघरों में रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने बीते सोमवार को 1.65 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं इसने रविवार को 6.3 करोड़ रुपये कमाए थे। यह दिखा रहा फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट आई है। 'बाहुबली द एपिक' ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 26 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। परेश रावल अभिनीत द ताज स्टोरी ने ओपनिंग डे पर 01 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी। इस फिल्म ने बीते दिन सोमवार को 1.06 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसने रविवार को 2.75 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने अभी तक कुल 6.81 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक द ताज स्टोरी का बजट 25-30 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसके अलावा परेश रावल अभिनीत द ताज स्टोरी ने ओपनिंग डे पर 01 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी। इस फिल्म ने बीते दिन सोमवार को 1.06 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसने रविवार को 2.75 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने अभी तक कुल 6.81 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक द ताज स्टोरी का बजट 25-30 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसके अलावा फिल्म में जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, नमिता दास और स्नेहा वाघ ने अभिनय किया है।*

# कोर्ट में पेश किए गए रिपोर्ट से हाईकोर्ट नहीं हुआ संतुष्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गोमुख से उत्तरकाशी तक भागीरथी ईको सेंसटिव जोन में एनजीटी के निर्देशों के विपरीत अवैध होटल और रिसॉर्ट बनाने की अनुमति दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सहित सिचाई विभाग से मंगलवार यानी आज तक अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर डीएम उत्तरकाशी सहित कई अन्य अधिकारी कोर्ट में व्यकिगत रूप से उपस्थित हुए। उनके द्वारा कोर्ट में पेश किए गए रिकार्ड से कोर्ट सन्तुष्ट नहीं हुई । जिस पर कोर्ट ने उनसे मंगलवार (आज) तक प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अभी तक राज्य सरकार के द्वारा बाढ़ क्षेत्र के लिये बने एकट का अनिवार्य रूप से पालन नहीं किया गया जिसकी वजह से राज्य में हर साल बाढ़ आपदा के मामले सामने आ रहे हैं इसलिये अधिकारी अपने क्षेत्रों का तय समय के भीतर निरीक्षण करें ताकि कम जनधन की हानि हो ।जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। पूर्व में कोर्ट ने एनजीटी के द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों के क्रियान्वयन की रिपोर्ट सरकार से मांगी थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक प्रकृति प्रेमियों को लुभाने के लिए नदी के किनारे व स्नोव्यू को देखने के लिए ग्लेशियर के आसपास सरकार के द्वारा कैम्प तथा होटल व रिसार्ट बनाने की अनुमति बिना सर्वे के दिये जा रहे हैं। अनुमति दिए जाने से पहले उस क्षेत्र का वैज्ञानिक तरीके से जांच कराई जाय। उसी के आधार पर निर्माण कार्यो की अनुमति दी जाय ताकि बाढ़ आने पर कोई जन धन की हानि न हो। जबकि सरकार की तरफ से अपना पक्ष रखकर कहा कि सरकार ने जो अनुमति दी गयी उसका सर्वे कर के ही दिया है। जिस पर कोर्ट ने फिर से सरकार से एक पूर्ण सर्वे रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हिमालयन नागरिक दृष्टि मंच ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर कहा है कि गंगोत्री से लेकर उत्तरकाशी तक नदी किनारे जमकर निर्माण हुआ है और हो रहा है। जो मानकों के खिलाफ है जिससे उत्तरकाशी में बार बार आपदा आ रही है। याचिका में इन इलाकों में निर्माण पर रोक लगाने के साथ अवैध कार्यो पर रोक लगाने की मांग की गई है।

News कॉर्नर

### फायर सीजन में जनहित याचिका सहित कई अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ हुई सुनवाई

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाइकोर्ट ने फ ायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने हाईकोर्ट के पूर्व के आदेशों के अनुपालन से संबन्धी रिपोर्ट सोमवार को भी पेश न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मंगलवार (आज) को रिपोर्ट पेश करने को कहा है । याचिका की सुनवाई मंगलवार यानी आज भी जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि जंगलों की आग से पर्यावरणीय क्षति, जंगलों में रहने वाले पशु तथा आम नागरिकों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

### फायरिंग प्रकरण में एक गिरफ्तार कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई

**रुद्रपुर**। ट्रांजिट कैंप गड्ढा कालोनी में हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपीयों में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस कार्रवाई कर रही है। पिछले दिनों ट्रांजिट कैंप गड्ढा कालोनी में मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले की वीडियो भी वायरल हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली और वायरल वीडियो में फायरिंग करने वालों को चिन्हित की कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि नामजद आरोपियों में मनोज राठौर, पुत्र घनश्याम राठौर, निवासी गड्ढा कालोनी ट्रांजिट कैंप को सिडकुल रोड से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पत्नी भी नामजद है।

# शिप्रा नदी तट पर स्वच्छता अभियान से मनाया उत्तराखण्ड का रजत जयंती स्थापना दिवस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



सदाजलवाही शिप्रा नदी जहाँ एक ओर नैनीताल जनपद के पर्वतीय क्षेत्र की जीवनदायिनी है वहीं यह हमारी सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक भी है। यही कारण है कि देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के उपलक्ष्य में शिप्रा नदी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जनपद नैनीताल में शिप्रा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में वृहद् स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

बता दें कि यह अभियान सारा नैनीताल एवं नगर पालिका परिषद भवाली के सौजन्य से जिला प्रशासन नैनीताल द्वारा आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि सारा स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्युविनेशन ऑथोरिटी के अंतर्गत शिप्रा नदी को एक जनपद एक नदी योजना के अंतर्गत भी अंगीकृत किया गया है। मुखय विकास अधिकारी नैनीताल श्रीमती अनामिका सिंह तथा जिला विकास अधिकारी नैनीताल गोपाल गिरि गोस्वामी के दिशा निर्देशन में यह अभियान ग्यारह सेकटरों में विभाजित कर संपन्न कराया गया जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुकत किया गया। इस कार्यक्रम के समग्र नियोजन एवं निष्पादन कार्य हेतु उप निदेशक जलागम डा0. एस0के0 उपाध्याय मुखय नोडल अधिकारी की भूमिका में रहे। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नदी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: 9 से अपरान्ह 2 बजे तक शिप्रा नदी पर चिह्नित स्थानों (जैसे घोड़ाखाल रोड़, भवाली मुखय बाजार, रामगढ़ रोड़ तथा श्यामखेत चाय बागान, शमशान घाट तथा रानीखेत रोड, भवाली के ची धाम, निगलाट, रातीघाट व रामगाढ़ आदि स्थानों पर) विशेष सफ ाई अभियान संचालित किये गये।

इस अभियान में नगर पालिका तथा ग्राम पंचायतों व स्वजल, जल निगम, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, उद्यान, पशुपालन, पर्यटन, जल संस्थान, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण तथा पूर्ति विभाग सहित अनेक विभागों की सक्रिय सहभागिता रही । स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिला मंगल दलों, स्वयं सहायता समूहों व आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# डिवाइन स्पार्क डांस स्टूडियो द्वारा नृत्य व गायन की कला प्रतियोगिता आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

देवगिरी बैंकट हॉल, मुखानी में हल्द्वानी के डिवाइन स्पार्क डांस स्टूडियो द्वारा प्रदेश के बच्चों में नृत्य व गायन की कला को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता के ऑनलाइन औडिशन, अगस्त 2025 से प्रारम्भ हुए जिनमें हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, भीमताल, रुद्रपुर आदि विभिन्न जगहों के लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया तथा जिनमें से 80 बच्चे 02 नवम्बर को आयोजित फिनाले के लिए क्वालिफाई हुए, डिवाइन स्पार्क डांस स्टूडियो की संचालिका श्रीमती प्रियंका ने बताया कि नृत्य व गायन की विधाओं के अंतर्गत तीन आयु श्रेणियों (सब जूनिअर, जूनिअर, व सीनिअर) में प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाई गयीं, फिनाले तक पहुंचे सभी प्रतिभागियों को मैडल व सर्टिफिकेट प्रदान किये गए तथा प्रथम, द्वितीय व



तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को साथ में ट्राफी भी प्रदान की गयी। इसके अलावा प्रत्येक प्रतियोगिता में स्टेट विनर भी घोषित किये गए जिन्हें मैडल, सर्टिफिकेट व ट्राफी के साथ चार हज़ार रुपयों का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इतना ही नहीं श्रीमती प्रियंका द्वारा नेशनल असोसिएसन फॉर ब्लाइंड, हल्द्वानी के बच्चों हेतु यह मंच निशुल्क उपलब्ध करवाया गया। मेयर गजराज सिंह बिष्ट समारोह के मुख्य अतिथि रहे। साथ ही फिनाले ?कार्यक्रम के दौरान इन्दर आर्या (कुमाउनी लोक गायक), खुशी जोशी (कुमाउनी लोक गायिका), गीतिका जोशी (खंड शिक्षा अधिकारी, रामनगर), विमल पांडे (आर.टी.ओ. गढ़वाल प्रांत), राशी जैन (बी.जे.पी. महिला मोर्चा अध्यक्ष, हल्द्वानी), वैदेही (बाल कलाकार), राकेश पनेरू आदि अनेक प्रख्यात एवं गणमान्य व्यक्तित्वों द्वारा अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई गई।

# भीमताल झील में कयाकिंग दौड़ सूरज सिंह कुल्याल पहले स्थान पर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्थापना दिवस को रजत जयंती के रूप में मनाए जाने के अवसर पर पर्यटन विभाग ओर से भीमताल झील में कयाकिंग दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें 19 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को पर्यटन विभाग की ओर से भीमताल झील में कयाकिंग दौड़ आयोजित की गई जिसमें 19 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कयाकिंग दौड़ में प्रथम स्थान में सूरज सिंह कुल्याल जबकि द्वितीय स्थान में सोनू कुमार और तीसरे स्थान पर हिमांशु कुलियाल रहे प्रथम तथा द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने पुरस्कृत किया।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदर्शित करना है साथ ही साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस दौरान पंकज हारबोला, दीपक मर्तोलिया व भीमताल झील में कयाकिंग कार्य करने वाले संचालक मौजूद रहे।



# हल्दूचौड में माधवी फाउंडेशन की पहल, नेत्र शिविर व पशु शिविर का हुआ आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के हल्दूचौड़ के ग्राम सभा दौलिया हल्दूचौड़ के शहीद जगदीश जोशी सभागार में माधवी फाउंडेशन के नेतृत्व में दो एकीकृत निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर के सहयोग से नेत्र जांच शिविर तथा पशुपालन विभाग के सहयोग से पशु चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किए गए। बता दें कि दोनों शिविरों में भारी जनसहभागिता रही।

लगभग 60 ग्रामीणों ने नि:शुल्क नेत्र जांच करवाई और 15 लोगों को मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया जबकि पशुपालन शिविर में ग्रामीणों को सरकारी पंजीयन शुल्क पर आवश्यक दवाइयां मुहैया करवाई गयी तथा चारे के बीज नि:शुल्क वितरित किए गए। नेत्र शिविर में पहुंचे ग्रामीणों की प्राथमिक जाँच कर चिकित्सा सलाह दी गई। नेत्र चिकित्सकों ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षण के आधार पर 15 मरीजों में मोतियाबिंद के स्पष्ट लक्षण देखे गए हैं और उन्हें तत्काल ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। मंगलवार (आज) उन सभी को शिविर स्थल से ले जाकर ऑपरेशन करवाकर शिविर स्थल पर छोडने् की व्यवस्था संबंधित चिकित्सक व संस्था द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। पशु चिकित्सा अधिकारी हिमांशु धर्मसत्तू ने बताया कि दुधारू पशुओं के लिए डिवार्मिंग दवाइयां समेत मिनरल मिकसचर व अन्य आवश्यक दवाइयां पंजीयन शुल्क पर मुहैया कराई गई साथ ही विभाग ने चारे के बीज भी लाभार्थियों को निःशुल्क प्रदान किए जिससे पशुपालकों को मौसमी चारे की समस्या में तुरंत राहत मिली। पशुपालकों ने बताया कि तत्काल उपचार और आवश्यक दवाइयों के कारण कई पशुओं की स्थिति में सुधार देखा गया। आयोजक माधवी फ उंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य ग्रामीण जनता तक सस्ती व प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राधा कैलाश भट्ट ने की। समारोह में ग्राम प्रधान रुकमणी नेगी कनिष्ठ प्रमुख कमल भंडारी पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल कुमार सती समेत वैकसीनेटर अनिल कुमार तथा प्रभु नेत्रालय रुद्रुपर के अनुभवी नेत्र चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### 23 एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट को प्रोफेसर आरके सिंह चेन्नई रवाना

**रुद्रपुर**। 23 एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट के लिए रुद्रपुर निवासी प्रोफेसर आरके सिंह चेन्नई रवाना हो गए हैं एलबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दुचौड़ में कार्य प्रोफेसर आरके सिंह को 30 में राष्ट्रीय मास्टर एथलीट्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में चुना गया है डॉक्टर सिंह 55 वर्ष की आयु वाले खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा में 100 मी. बाधा दौड़ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई में दिनांक 5 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

# "प्रदेश के कई गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर"

**नैनीताल/भीमताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड आंदोलनकारियों ने जिस राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उसके सपने आज भी अधूरे हैं। प्रदेश के कई गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। नैनीताल जनपद के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा की ग्राम पंचायत गलनी उन्हीं में से एक है, जहां अब तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। वर्ष 2023 में राज्य योजना के अंतर्गत राज्य मार्ग संख्या 64 के किलोमीटर 81 से ग्राम पंचायत गलनी–जामनी तक ढाई किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग (अस्थायी खंड भवाली) द्वारा तैयार किया गया था। मुख्य अभियंता हल्द्वानी, नैनीताल ने इस प्रस्ताव को सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड शासन, देहरादून को स्वीकृति के लिए भेजा था।

ग्रामीणों ने सड़क स्वीकृति को लेकर विधायक, सांसद और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज तक गुहार लगाई थी। मंत्री महाराज ने लोक निर्माण विभाग के सचिव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। विभाग ने श्व–ष्ठक्क संख्या 2748 (प्रथम चरण) शासन को भेज दी, लेकिन आज तक निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली। ग्रामीणों ने अब मुख्यमंत्री से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने जिला विकास अधिकारी नैनीताल के माध्यम से मुख्यमंत्री के अपर निजी सचिव, उत्तराखंड शासन, देहरादून को ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पत्राचार और अनुरोधों के बावजूद शासन स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा।

# अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 79 वें दिन भी बदस्तूर रहा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के नेतृत्व में बागजाला के ग्रामीणों का मालिकाना अधिकार लेने, बागजाला को राजस्व गाँव बनाने, पंचायत चुनावों में मताधिकार पुन: बहाल करने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना से टूटी सड़कों का निर्माण करने, जल जीवन मिशन कार्य को पूरा कर हर घर नल, हर घर जल देने का कार्य शुरू करने, गोवंश संरक्षण अधिनियम के चलते आवारा सरकारी गोवंश से पशुपालकों, किसानों, राहगीरों को हो रहे जानमाल के नुकसान से निजात दिलाने के लिए गोवंश की स्थिति अनुसार सरकारी मूल्य निर्धारण कर सरकारी खरीद की गारंटी करने के लिए



चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सरकार की अनदेखी करने के वाबजूद 79 वें दिन भी बदस्तूर जारी रहा।79 वें दिन के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा हमारा आन्दोलन गाँव बसाने, ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देश के नागरिक बतौर चल रहा है उन्होंने कहा यह सरकार हमें उजाड़ने के लिए हमारे इसी गाँव में रहने वाले हमारे ही भाईयों को आन्दोलन से दूर रहने के लिए गुमराह करते हुए आन्दोलन के खिलाफ रहने पर जमीन पक्का करने का झूठा आश्वासन देने में लगी है उन्होंने कहा हमें पूरा विश्वास है किसान महासभा का आन्दोलन गाँव बचाने और गाँव बसाने का आन्दोलन है, हम जाति – धर्म और दलगत राजनीति से उपर उठकर एकता के बल पर जीत अवश्य हासिल करगें। 79 वें दिन के धरने में आनंद सिंह नेगी, पार्वती देवी, मोहम्मद परवेज, अ. वाहब, अनवरी, दिनेश चंद्र, भोला सिंह, चंदन सिंह मटियाली, हर गिरी, भगवती देवी, वेद प्रकाश, डॉ उर्मिला रेंशवाल, लीला देवी, प्रेम सिंह नयाल, असलम, हेमा देवी, हेमलता, हीरा देवी, सुनीता देवी, हरिश्चंद्र, कल्लू प्रजापति, मीना भट्ट, लीला देवी, हेमा आर्य, पुष्पा देवी, दीवान सिंह बरगली, रेखा रानी, पुष्पा देवी, तुलसी देवी, मुन्नी देवी, हेमा देवी आदि सम्मिलित रहे । धरने का संचालन किसान महासभा बागजाला के सचिव वेदप्रकाश ने किया ।